**छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति, भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट)**
रा.व.अनु.एवं प्रशि. सं. परिसर, विधान सभा के पास, बलौदा बाजार रोड़
जीरो पाईट, रायपुर, छ.ग 493111, दूरभाषः 0771-2283249
वेबसाईट : www.cgcert.com ई–मेलः cgcert@gmail.com

**पत्र कमांक/सीजीसर्ट/09/02** **रायपुर, दिनॉकः 03/12/2024**

## क्वालिटी मैनेजर, मूल्यांकनकर्ता एवं फील्ड इंस्पेक्टर के संविदा पर के चयन हेतु विज्ञापन की सूचना

छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण एवं निरीक्षण कार्यो हेतु 03 रिक्त संविदा पद एवं 05 इंटर्न क्षेत्रीय कार्य संपादन हेतु अस्थायी रूप से भरे जाने हेतु दिनॉक 05/10/2024 को विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें 03 रिक्त संविदा पद को भर्ती हेतु यथावत् रखते हुए 05 इंटर्न पदों को विलोपित किया जाता है।

दिनॉक 23/10/2024 को प्रथम का साक्षात्कार आयोजन किया गया था जिसमें सभी विज्ञापित पदों पर कोई भी पात्र / उपयुक्त उम्मीदवार नहीं पाया गया। अतः भर्ती प्रक्रिया में आंशिक संशोधनों के साथ रिक्त कुल 03 संविदा पद 01 पद क्वालिटी मैनेजर, 01 पद मूल्यांकनकर्ता, 01 पद फील्ड इंस्पेक्टर के पदों पर आवेदन दिनॉक 05/12/2024 को प्रातः 10.00 बजे से दिनॉक 20.12.2024 को रात्रि 11.59 बजे तक केवल ऑनलाईन माध्यम से ही आवेदन पुनः आमंत्रित किये जाते है।

पात्र / अपात्र अभ्यर्थीयों की सूची दिनॉक 27/12/2024 को संस्था की वेबसाईट **www.cgcert.com** में प्रकाशित किया जावेगा। पात्र अभ्यर्थियों हेतु साक्षात्कार का आयोजन दिनॉक 06/01/2025 को प्रातः 10.00 बजे से आयोजन किया जावेगा। उपरोक्त संबंधी संशोधित विज्ञापन एवं विस्तृत दिशा – निर्देश, अन्य विवरण, चयन, संशोधन संबंधी विवरण तथा समय – समय पर सूचना आदि उपरोक्त वेबसाईट में ही देखा जा सकता है।

**टीप – प्रथम चरण दिनॉक 23.10.2024 को क्वालिटी मैनेजर, मूल्यांकनकर्ता, फील्ड इंस्पेक्टर के पदों हेतु साक्षात्कार में उपस्थित उम्मीदवार भी पुनः ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकेंगे।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत
वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट)
रायपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with OKEN Scanner

## —::संविदा पदों के चयन हेतु संशोधित विज्ञापन एवं विस्तृत दिशा — निर्देश::—

छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) एक जैविक प्रमाणीकरण संस्था है जो राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एन.पी.ओ.पी) अंतर्गत राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एप.ए.बी.), नई दिल्ली से प्रत्यायित है। जो एपिड़ा, नई दिल्ली के राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एन.पी.ओ.पी) मानक के अनुसार निरीक्षण एवं प्रमाणीकरण का कार्य करती है। आवेदक द्वारा निरीक्षण, मूल्यांकन, गुणवत्ता प्रबंधन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को संविदा रूप से चयन हेतु दिनॉक 05/12/2024 को प्रातः 10.00 बजे से दिनॉक 20/12/2024 को रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इस संबंध में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन होता है अथवा तिथि में परिवर्तन आदि हेतु सूचना केवल **सीजीसर्ट संस्था की वेबसाईट** **www.cgcert.com** पर अपलोड किया जावेगा।

1. संविदा पद रिक्तियों का विवरण —

| क्र. | पद का विवरण | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1 | क्वालिटी मैनेजर | 01 |
| 2 | मूल्यांकनकर्ता | 01 |
| 3 | फील्ड इंस्पेक्टर | 01 |
| योग :— | | **03** |

उपरोक्त पदों की संख्या में वृद्धि अथवा कमी की जा सकती है। पदों हेतु निर्धारित मासिक देय (एकमुश्त) का विवरण नीचे सारणी में दिया गया है।

| क्रमांक | पद का नाम | संविदा मासिक वेतन (एकमुश्त) |
|---|---|---|
| 1. | क्वालिटी मैनेजर | रू. 35,165/— |
| 2. | मूल्यांकनकर्ता | रू. 26,490/— |
| 3. | फील्ड इंस्पेक्टर | रू. 26,490/— |

उक्त रिक्तियॉं पूर्ण रूप से अस्थायी है एवं चयनित अभ्यर्थी की मासिक वेतन (एकमुश्त) हेतु को मुख्यालय छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) कार्यालय, रायपुर होगा। इसके साथ ही निरीक्षण एवं प्रमाणीकरण इत्यादि का कार्य स्थल संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश के अतिरिक्त देश के अन्य राज्यों में है एवं आवश्यकतानुसार नियमित दौरा का निरीक्षण, क्षेत्रीय कार्य, प्रमाणीकरण एवं अन्य कार्य सम्पन्न करना होगा। ऐसा नहीं करने पर एक तरफा कार्यवाही करते हुए संविदा नियुक्ति की अवधि समाप्त की जावेगी।



Scanned with OKEN Scanner

2. शैक्षणिक योग्यता:—

क्वालिटी मैनेजर / मूल्यांकन कर्ता / फील्ड इंस्पेक्टर

| S.N. | Post | Qualification | Essential Experience | Remark |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Quality Manager** | Post Graduate in Agriculture / Forestry or Forest Management / with minimum 60% marks | At least 02 years of experience in the Field of Organic Production and Certification Programme.<br>He / She Should have thorough Knowledge of NPOP, Organic Inspection & Certification. | In case of unavailability of relevant experienced candidate's preference will be given to the candidates working in Government / Semi Government sector in allied fields i.e Forestry & Agriculture. |
| 2 | **Evaluator** | Post Graduate in Agriculture / Forestry and other relevant field with minimum 60% marks | At least 02 years of experience in the Field of Organic Certification, Inspection and Evaluation report.<br>He / She shall have thorough Knowledge of Evaluation & Certification process. | In case of unavailability of relevant experienced candidates preference will be given to the candidates working in Government / Semi Government sector in allied fields i.e Forestry / Agriculture / Biochemistry / Biotechnology / Food technology / Microbiology / Environment science |
| 3 | **Field Inspector** | Post Graduate in Agriculture / Forestry / Forest Management / Biochemistry / Biotechnology / Food Technology / Microbiology / Environment Science with minimum 60 % marks | At least 02 years of experience in the Field of Organic production and Organic Certification.<br>Knowledge and experience in the field of organic production and organic inspection will be preferable. | |

2.1 **कार्यदायित्व :—**

2.1.1 **क्वालिटी मैनेजर**—सीजसीर्ट में प्रमाणीकरण गतिविधियों के अंतर्गत प्रमाणीकरण, निरीक्षण गतिविधियों से संबंधित निरीक्षक को नामित करना। निगरानी, मूल्यांकन एवं गुणवत्ता प्रबंधन के संचालन हेतु वार्षिक कार्ययोजना तैयार करना। संस्था का आंतरिक लेखा कार्य इत्यादि का संचालन करना। संस्था के लिए जनसंपर्क के बतौर कार्य करना। इसके अतिरिक्त कार्यालय के संपूर्ण प्रशासनिक कार्य दायित्वों का मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा समन्वय स्थापित कर निर्वहन करना।

2.1.2 **मूल्यांकनकर्ता**— सीजसीर्ट में प्रमाणीकरण गतिविधियों के अंतर्गत प्रमाणीकरण, निरीक्षण से संबंधित वार्षिक योजना का मूल्यांकन करना। प्रक्षेत्र निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन का मूल्यांकन करना। वार्षिक निरीक्षण योजना तैयार करना। निरीक्षण उपरांत प्राप्त अनुपालन का मूल्यांकन एवं सत्यापन करना। सत्यापन पश्चात स्कोप एवं ट्रॉजेक्शन सर्टीफिकेट जारी करना। मूल्यांकनकर्ता लंबित दस्तावेज, प्रमाणीकरण शुल्क, त्रुटी अनुपालन इत्यादि हेतु जिम्मेदार होगा। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन कार्यो में सहयोग प्रदान करना।



Scanned with OKEN Scanner

2.1.3 **फील्ड इंस्पेक्टर** –सीजसीर्ट में प्रमाणीकरण गतिविधियों के अंतर्गत वार्षिक निरीक्षण योजना अनुसार घोषित, अघोषित, अतिरिक्त एवं जोखिम आधारित निरीक्षण का संपादन करना। जोखिम आधारित प्रक्षेत्र से नमूना संग्रहण कर कार्यालय को प्रेषित करना। निरीक्षण उपरांत निरीक्षण प्रतिवेदन सह आवश्यक दस्तावेज मूल्यांकनकर्ता को प्रेषित करना। निरीक्षण द्वारा किसी भी ऑपरेटर को सेवा प्रदाता के बतौर सेवा प्रदान नहीं की जावेगी ताकि प्रमाणीकरण की विश्वसनीयता बनी रहे।

**3. आयु सीमाः–**

3.1 संविदा पद हेतु अभ्यर्थी की अधिकतम आयु **01.09.2024** की स्थिति में 45 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आयु सीमा में अतिरिक्त छूट शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार है।

**4. निवासीः**–छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी आवेदक को प्राथमिकता दिया जायेगा। जिसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र को आधार माना जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य के बाहर यदि योग्य उम्मीदवार का आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थिता को मान्य किया जावेगा।

**5. चयनप्रक्रिया–**

**5.1 सामान्य निर्देश–**

**5.1.1** इच्छुक अभ्यर्थी संस्था की वेबसाईट **www.cgcert.com** का अवलोकन कर दिये गये प्रारूप में केवल ऑनलाईन आवेदन दिनॉक 05/12/2024 को प्रातः 10.00 बजे से दिनॉक 20/12/2024 को रात्रि 11:59 बजे तक किया जावेगा। इसके पश्चात दिनॉक 27.12.2024 को पात्र / अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी किया जावेगा। पात्र अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु दिनॉक 06/01/2025 को बुलाया जावेगा जिसकी सूचना संस्था की वेबसाईट **www.cgcert.com** में उपलब्ध करायी जावेगी पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

**5.1.2** पात्र अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों के साथ कार्यालय छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) में साक्षात्कार दिवस को स्वयं उपस्थित रहेंगे।

**5.1.3** साक्षात्कार दिनांक को प्राप्त आवेदनों के आधार पर कार्यालय छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट), रायपुर द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन उपरांत पात्र अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के साथ चयन प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। अभ्यर्थिया को चयन प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार में आने का यह तात्पर्य नही होगा कि उनका चयन हो गया है।

**5.1.4** छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट), रायपुर हेतु प्रस्तावित पदों पर साक्षात्कार एवं अभिलेख सत्यापन कार्यालय राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर, रायपुर में होगा।

**5.1.5** एक ही अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों में आवेदन की स्थिति में उसे प्राथमिकता क्रम निर्धारित करना होगा। एक बार संविदा पद हेतु चयनित अभ्यर्थी अन्य पद हेतु किये गये आवेदन पर पुनः संविदा पद हेतु पात्र नहीं होगें।



Scanned with OKEN Scanner

5.1.6 शैक्षणिक योग्यता, साक्षात्कार एवं अन्य मापदण्ड में प्राप्त अंक के आधार पर प्रावीण्य सूची जारी की जावेगी। चयन आदेश संबंधित जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीजीसर्ट द्वारा जारी किया जायेगा।

5.1.7 सीजीसर्ट की चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीजीसर्ट द्वारा चयन तथा प्रतिक्षा सूची जारी किया जावेगा। प्रथम चयनित अभ्यर्थी के उपस्थित नहीं होने पर प्रावीण्य सूची से अगले प्रतिक्षारत अभ्यर्थी हेतु आदेश जारी किया जा सकता है।

6. **सीजीसर्ट की चयन प्रक्रिया के तहत अंको का विभाजन–चयन प्रक्रिय हेतु वरीयता सूची निम्नानुसार** अंक विभाजन प्रक्रिया द्वारा तैयार की जावेगी:–

| **क्वालिटी मैनेजर/ मूल्यांकनकर्ता/फील्ड इंस्पेक्टर** | |
|---|---|
| **विवरण** | **अंक विभाजन** |
| शैक्षणिक योग्यता | अधिकतम 70 अंक |
| जैविक प्रमाणीकरण के क्षेत्र में कार्य अनुभव (1 वर्ष के लिए 2 अंक) | अधिकतम 10 अंक |
| रिसर्च पब्लिकेशन (कृषि, वानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, जैव उर्वरक, औषधीय एवं सुगंधित पादप, जलवायु परिवर्तन तथा अन्य संबंधित कार्य क्षेत्र) | अधिकतम 05 अंक |
| साक्षात्कार | 15 अंक |
| **कुल योग:–** | **100 अंक** |

(नोट – जैविक प्रमाणीकरण के क्षेत्र में अनुभवी उम्मीदवार की अनुपलब्धता की स्थिति में शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालयों में संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत् अनुभवी उम्मीदवारों के कार्य अनुभव आधार पर चयन हेतु वरीयता प्रदान की जावेगी)

संविदा पद पर शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, रिसर्च पब्लिकेशन एवं साक्षात्कार इत्यादि में सर्वाधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा। चयन प्रक्रिया संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा निर्देशों के लिये संस्थान के वेबसाईट **www.cgcert.com**का नियमित अवलोकन करते रहे।

**7. मूल दस्तावेज सत्यापन–**

साक्षात्कार पूर्व आवेदक को निर्धारित प्रारूप में कार्यालय छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट), रायपुर में समस्त स्वप्रमाणित दस्तावेजों का परीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा । आवेदन के समय प्रस्तुत जानकारी एवं मूल दस्तावेज में अंकित जानकारी समान होने पर ही आवेदक चयन हेतु पात्र होगा। गलत जानकारी प्रस्तुत करने के कारण यदि चयन निरस्त की जाती है तो इस के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे। सत्यापन हेतु मूल दस्तावेजों की सूची निम्नानुसार है :–

7.1 हाईस्कूल अंकसूची की मूलप्रति एवं छायाप्रति।

7.2 हायर सेकेण्ड्री अंकसूची की मूलप्रति एवं छायाप्रति।



Scanned with OKEN Scanner

7.3 स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आवश्यक शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची की मूल एवं छायाप्रति।

7.4 निवासी प्रमाणपत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति।

7.5 फोटो युक्त पहचान पत्र (आधारकार्ड, ड्रायविंग लायसेन्स, पैनकार्ड या कोई भी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी पहचान कार्ड)।

7.6 अनुभव प्रमाणपत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति।

7.7 अन्य आवश्यक अभिलेख एवं छायाप्रति।

**8. सामान्य दिशा निर्देशः–**

8.1 इच्छुक अभ्यर्थी द्वारा संस्था के वेबसाईट **www.cgcert.com** का अवलोकन कर दिये गये प्रारूप में केवल ऑनलाईन आवेदन दिनॉक 05/12/2024 को प्रातः 10.00 बजे से दिनॉक 20/12/2024 को रात्रि 11:59 बजे तक किया जावेगा।

8.2 संभावित रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।

8.3 अपूर्ण, अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं इस संबंध में उम्मीदवारों को कोई पृथक सूचना नहीं दी जावेगी।

8.4 संविदा पद चयन हेतु अर्हता, चयन प्रक्रिया तथा अन्य संबंधित जानकारी संस्था की वेबसाईट **www.cgcert.com** पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में अभ्यर्थियों को पृथक से सूचना पत्र प्रेषित नहीं किया जावेगा। अतः आवेदक **www.cgcert.com** का निरंतर अवलोकन करते रहें।

8.5 आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं करले और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही साक्षात्कार में उपस्थित होवें। चयन की किसी भी स्तर पर आवेदक को अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी, इसके लिए किसी भी प्रकार की पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

8.6 विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है, जिसकी विधिवत सूचना वेबसाईट **www.cgcert.com** में प्रकाशित होगी। ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नही होगा।

8.7 चयन के संबंध में नियुक्तिकर्ता अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

8.8 संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। संविदा नियुक्ति की अवधि 01 वर्ष के लिए होगी वार्षिक कार्य मूल्यांकन, कार्य संतोष प्रद होने तथा आवश्यकता अनुसार नियुक्ति की अवधि बढ़ायी जा सकेगी।

8.9 संस्था द्वारा विज्ञापित संविदा नियुक्ति हेतु एक बार किसी पद पर चयनित अभ्यर्थी का चयन दोबारा संस्था के अन्य किसी संविदा पद जो इस भर्ती विज्ञापन में विहित है वह अभ्यर्थी नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।

8.10 चयनित आवेदकों को छत्तीसगढ़ एवं आवश्यकतानुसार अन्य प्रदेशों में निरीक्षण एवं प्रमाणीकरण का कार्य संपादन करना है। इस हेतु आवेदक को संस्था द्वारा संपूर्ण राज्य के बाहर किसी भी स्थान पर चयनकर्ता अधिकारी अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्र भ्रमण किया जाना होगा।

Scanned with OKEN Scanner

8.11 संविदा नियुक्ति के दौरान उभय पक्षों द्वारा एक माह का मानदेय अथवा एक माह का नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

8.12 चयन हेतु आवेदक की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार संस्था के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

8.13 ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में अनुशासनहीनता/अनुचित व्यवहार या अनियमितता के आधार पर दंडित किया गया हो वह चयन हेतु पात्र नहीं होगा।

8.14 किसी भी आवेदक द्वारा यदि गलत जानकारी प्रस्तुत की गयी है, तो चयन प्रक्रिया के समय अथवा चयन के पश्चात किसी भी समय उसकी संविदा नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।

8.15 यह संविदा नियुक्ति छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति, भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट), रायपुर में किसी भी प्रकार के नौकरी या नियुक्ति का आश्वासन नहीं करता।

8.16 चयनित संविदा पद द्वारा यदि दूरस्थ क्षेत्रों में प्रवास के लिए असहमति दी जाती है तो तत्काल प्रभाव से उनकी संविदा नियुक्ति समाप्ति की जावेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत**
**वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट)**
**रायपुर, छत्तीसगढ़**

Scanned with OKEN Scanner